Regarding pitline at Thawe Railway Junction

**डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) :** सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में स्थित थावे जंक्शन, जो कि एनईआर के बनारस डिवीज़न में आता है, इस डिवीजन के अंतर्गत बिहार में केवल छपरा जंक्शन पर पिट लाइन और यार्ड की व्यवस्था है । इसके चलते थावे जंक्शन से लंबी दूरी की ट्रेन नहीं मिल पाती है, जबकि हमारे पड़ोसी प्रदेश में 60 से 70 किलोमीटर की दूरी पर पिट लाइन और यार्ड की व्यवस्था की गई है । थावे जंक्शन में कमर्शियल फिजिबिलिटी और यात्रियों की संख्या काफी ज्यादा है । यहां पर सरप्लस भूमि भी है तथा थावे जंक्शन अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल है और थावे जंक्शन को वर्ष 2004 से वर्ष 2009 के पीरियड में मंडल घोषित किया गया था । वहां पर ओएसडी की भी व्यवस्था की गई थी, लेकिन बांद में बंद कर दी गई ।

अत: आपके माध्यम से मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि थावे जंक्शन पर पिट और यार्ड की व्यवस्था की जाए और वहां से लंबी दूरी की ट्रेन चालू की जाए, ताकि थावे की जनता को वहां से सुविधा मिल सके ।